# उत्तराखंड में होगा एसआईएसएफ और पर्यटन पुलिस का गठन

## चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को उत्तराखंड की अपर मुख्य सचिव (गृह) राधा रतूड़ी ने गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों और पर्यटक स्थलों की सुरक्षा के लिये राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) और पर्यटन पुलिस के गठन हेतु स्पष्ट प्रस्ताव देने के निर्देश दिये।

## प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में इन दोनों प्रस्तावों पर चर्चा हुई थी। राज्य सरकार इन दोनों प्रस्तावों को मंज़ूरी के लिये केंद्र सरकार को भेजेगी।
- बैठक में उन प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई थी, जो गृह मंत्रालय में विचाराधीन हैं। इन सभी प्रस्तावों पर गृह मंत्री अमित शाह के आश्वासन के बाद अपर मुख्य सचिव (एसीएस) राधा रतूड़ी ने गृह विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।
- बैठक में एसीएस ने नशीले पदार्थों के तस्करों से कड़ाई से निपटने के लिये एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का पूरी तरह से गठन के निर्देश दिये। टास्क फोर्स में 40 पदों का प्रावधान है, लेकिन एक भी पद नहीं भरा है।
- नशा तस्करों की रीढ़ तोड़ने और अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पटाक्षेप करने के लिये राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का सहयोग लिया जाएगा।
- एसीएस ने बैठक में वाहनों की स्क्रैपिंग पॉलिसी का प्रस्ताव जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिये। केंद्रीय गृह मंत्री ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को क्वालिटी ट्रेनिंग दिये जाने पर बल दिया था, जिसके संबंध में एसीएस ने अधिकारियों को तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।
- बैठक में एसीएस ने केंद्र में लागू मॉडल जेल मैनुअल और मॉडल जेल एक्ट 2023 को राज्य की परिस्थिति के अनुरूप कतिपय संशोधन के साथ लागू करने के निर्देश दिये। उन्होंने मॉडल फायर बिल के संबंध में स्पष्ट प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय से समयबद्ध रूप से प्राप्त करने को कहा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sisf-and-tourism-police-will-be-formed-in-uttarakhand